खबर संक्षेप

### डायरिया रोको अभियान के तहत सरपंच सचिव को मिला प्रशिक्षण



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर वर्षाकाल में दूषित पेयजल के कारण लोगों को संक्रामक बीमारियाँ न हों इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा लगातार जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मंडला श्री मनोज भास्कर के मार्गदर्शन में लगातार जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु जिले के सभी विकासखंड में जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत नारायणगंज में पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की जल परीक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नारायणगंज श्री आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज श्रीमती दीप्ति यादव की उपस्थिति में जनपद सभागार में विकासखंड नारायणगंज की 50 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता का परीक्षण करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के बाद पंचायत इंस्पेक्टर श्री रम्मू सिंह मरावी, उपयंत्री श्री गौरव साहू, श्री मुकेश दोहरे द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों को फील्ड टेस्ट किट का वितरण किया गया।

### घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर तीन रेस्टोरेंट से 6 सिलेंडर जब्त

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर खाद्य विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग के खिलाफ कार्रवाई की है। इस औचक निरीक्षण में शहर के तीन रेस्टोरेंट से कुल 6 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई खाद्य अधिकारी एवं उनकी टीम ने की है। इस दौरान कटरा स्थित खाना-खजाना रेस्टोरेंट, नेहरू स्मारक के पास अमृततुल्य चाय दुकान और पड़ाव क्षेत्र में चटोरे रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया। इन प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक कामों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। विभाग ने सभी 6 सिलेंडरों को जब्त कर लिया है। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग की ओर से लगातार कार्यवाही की जाती है।

## महिष्मति घाट से निकली ऐतिहासिक नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा

# श्रावण मास में नई परिपाटी की शुरूआत

*** जगह-जगह हुआ स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






सावन मास के अंतिम सोमवार को महिष्मति घाट मंडला से पहली बार नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यहां प्रातःकाल विधि विधान से माँ नर्मदा का पूजन अर्चन करते हुए महाआरती के साथ नर्मदा जल कांवड़ में भरा गया और सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी कांवड़ लेकर व्यास नारायण मंदिर किला घाट के लिए रवाना हुए। नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट महिष्मति घाट के तत्वाधान में आयोजित इस ऐतिहासिक यात्रा का आरंभ प्रातः 9 बजे हुआ जिसमें सैकड़ो शिवभक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कांवड़ यात्रा की शुरुआत मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच महिष्मति घाट से की गई। इस पवित्र अवसर पर शिवलिंग की विशेष झांकी यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही जिसे बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। पूरे मार्ग में भक्ति, उत्सव और श्रद्धा का अद्वितीय संगम देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट के साथ ट्रस्ट सदस्य संजय तिवारी, नीरज अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, मनोज फागवानी सहित सामाजिक लोग शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने इस यात्रा में स्वयं कांवड़ सेवा की। साथ ही भगवान भोलेनाथ की पालकी भी उठाई। पुलिस बैंड द्वारा माँ नर्मदा आरती की धुन के साथ यात्रा को गंतव्य के लिए आगे बढ़ाया गया। कांवड़ यात्रा माहिष्मती घाट से सर्किट हाउस चौक, नेहरू स्मारक, बैगा-बैगी चौक, रेडक्रॉस, बड़ चौराहा, उदय चौक, बुधवारी बाजार से होते हुए किलाघाट स्थित व्यासनारायण मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा में 151 कांवड़ यात्रियों ने माँ नर्मदा का पवित्र जल व्यास नारायण मंदिर में शिवलिंग पर अर्पित किया। व्यासनारायण मंदिर परिसर में हवन एवं आरती कर जिलेवासियों के कल्याण की कामना की गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में फलाहार का वितरण किया गया। नगर में अंतिम श्रावण सोमवार के अवसर पर आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल यात्रियों का नगर के विभिन्न चौक-चौराहों में आत्मीय स्वागत किया गया। नगर के धर्मप्रेमीजनों ने कांवडय़ात्रियों का तिलक-वंदन तथा पुष्पवर्षा कर सम्मान किया। नगरपालिका परिषद की ओर से कांवड़ यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। यात्रा मार्ग में स्थित श्रीराम मंदिर एवं श्री हनुमान मंदिर बुधवारी चौक में श्रृद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से कांवड़ यात्रियों को यात्रा के दौरान शीतल जल भी उपलब्ध कराया गया। इस पूरी यात्रा के दौरान नगर में आस्था और अनुशासन का अद्भुत मेल देखने को मिला। भक्तजन भगवा वस्त्र, कांवड़, त्रिशूल और शिव ध्वज के साथ भक्ति भाव में लीन दिखे। युवाओं ने ढोल और बैंड की ताल पर शिव तांडव का उल्लास से स्वागत किया वहीं बुजुर्ग श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के नाम में मग्न दिखे। नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट द्वारा इस आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं अत्यंत सुनियोजित ढंग से की गई थीं। यात्रा मार्ग की साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण आदि सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने दिन-रात परिश्रम कर इस इस भव्य आयोजन में अनेक सामाजिक धार्मिक संगठनों और युवाओं ने तन-मन-धन से सहभागिता निभाई। शहर के विभिन्न कोनों से आए श्रद्धालुओं ने इस यात्रा को श्रावण मास की सबसे भव्य बताया और आयोजकों की सराहना की। ऐसी कांवड़ यात्रा मंडला में पहली बार देखी है सब कुछ दिव्य और अद्भुत था शिवलिंग की झांकी देखकर मन भाव-विभोर हो गया यह यात्रा अब हर साल होनी चाहिए। आयोजकों ने यह भी बताया कि यह यात्रा अब हर वर्ष श्रावण मास में एक विशेष परंपरा के रूप में आयोजित की जाएगी जिससे मंडला की धार्मिक पहचान को एक नई दिशा मिलेगी। मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि यह यात्रा एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है जो हमें भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति और आस्था व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा, नर्मदा के पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए निकाली जाती है। यह यात्रा विशेष रूप से सावन के महीने में भक्तों द्वारा उत्साहपूर्वक निकाली जाती है। इस यात्रा में भक्त नर्मदा से पवित्र जल भरकर कांवड़ में लाते हैं और फिर उसे विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान शिव को अर्पित करते हैं। वही पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कहा कि नर्मदा जल से भगवान शिव का अभिषेक करना, भक्ति और आस्था को प्रदर्शित करना, और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करना होता है। पंडित नीलू महाराज ने कहा कि यह यात्रा आमतौर पर सावन के महीने में विशेष रूप से सोमवार को निकाली जाती है। कांवड़िए नर्मदा तटों से जल भरकर, विभिन्न मंदिरों से होते हुए, अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। यात्रा के दौरान, भक्त बोल बम और हर हर महादेव जैसे जयकारे लगाते हैं, और रास्ते में उनका स्वागत किया जाता है। उन्होंने अन्य पुरोहितो के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन कराया। वहीं बड़ चौराहा में सिंधी समाज ने पुष्पवर्षा करते हुए कांवडिय़ो का स्वागत किया तो वहीं उदय चौक में पत्रकार परिषद के द्वारा पेयजल वितरण किया गया।



### जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सहित 8 अधिकारी, कर्मचारियों ने किया स्वेच्छिक रक्तदान



**मण्डला।** सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने स्वप्रेरणा से रक्तदान करते हुए जिला चिकित्सालय मंडला में पदस्थ सभी चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारियों से रक्तदान करने की अपील की। सिविल सर्जन की अपील पर जिला चिकित्सालय में पदस्थ 8 कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में सिविल सर्जन डॉ. विजय सिह धुर्वे के साथ डीईआईसी मैनेजर श्री अर्जुन सिंह, लैब तकनीशियन श्री इंद्र कुमार झरिया, श्री सुनील पटेल, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री दीपक तिवारी, श्री प्रवीण ज्योतिषि सहित स्टॉफ द्वारा रक्तदान किया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि रक्त का कोई विकल्प नहीं होता, केवल रक्तदान के माध्यम से ही दूसरों के जीवन को बचाया जा सकता है। आमजन अनेक भ्रांतियों के कारण रक्तदान से परहेज करते हैं, जबकि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है और इससे कोई कमजोरी नहीं आती तथा हृदयघात जैसी बीमारियों का रिस्क भी कम होता है। इस संदेश को लेकर आज चिकित्सालय के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्वप्रेरणा से रक्तदान किया गया तथा सभी से आग्रह किया कि स्वेच्छा से रक्तदान करके लोगों को जीवनदान देने में हमारी मदद करें।

# कैबिनेट मंत्री ने दी नगर को विकास की सौगात

*** भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कल मोहन सरकार की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपत्तियां उईके का नैनपुर आगमन हुआ वही मंडला लोकसभा के सांसद फगन सिंह कुलस्ते भी आज नैनपुर में उपस्थित रहे आप दोनों के द्वारा नैनपुर विकास के कार्यों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया गया, यह वार्ड के अंतर्गत निर्माण कार्यों का नगर पालिका नैनपुर द्वारा प्रस्ताव पास कर स्वीकृत किया गया है जिसमें कैबिनेट मंत्री के द्वारा आवंटन प्रदान किया गया है।

वार्ड क्रमांक 03 चकोर नदी में घाट निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 03 चकोर तट हनुमान मंदिर के पास टीन शेड निर्माण वार्ड क्रमांक 14 में टेन्चिग ग्राउड में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट निर्माण वार्ड क्रमांक 15 में रेल्वे अंडर ब्रिज से राम प्रजापति (महेन्द्र हट्टेल) तक सी.सी. रोड निर्माण।

मुख्य अतिथि - श्रीमति संपतिया उइके (मंत्री, लोक स्वा.यां. विभाग, म.प्र. शा स न ) वि शि ष्ट अतिथि- फग्गन सिंह कुलस्ते (सांसद, मण्डला) कार्यक्रम अध्यक्ष- श्रीमति कृष्णा पंजवानी (अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद नैनपुर) श्रीमति संजूलता वैष्णव (उपाध्यक्ष, नगरपालिका परिषद नैनपुर) श्रीमति पिंकी चौघरी (सभापति, लो.नि.वि., नगरपालिका परिषद नैनपुर) राजाराम शर्मा (सभापति एवं पार्षद वार्ड क्र.03)।

सभापति गण- श्रीमति निशा चन्द्रौल, श्रीमति सुशीला चौरसिया, श्रीमति लक्ष्मी परते, प्रदीप चौरसिया पार्षद गण- श्रीमति निकिता शर्मा, नितिन ठाकुर, करन इनवाती, श्रीमति साधना रंगारी, सुनील विश्वकर्मा, सुश्री कुसुम यादव, मोहितकांत झारिया की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

अभिलाष श्रीवास उपयंत्री नगरपालिका परिषद नैनपुर डॉ. लक्ष्मण सिंह सारस मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद नैनपुर एवं स्टाफ कार्यक्रम में सम्मिलित रहा।

### ब्रह्माकुमारीज मंडला के द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर होमगार्ड परिसर में कार्यक्रम किया गया



**मण्डला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंडला के द्वारा होमगार्ड परिसर में रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया। जिसमे सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्र ह मा कु मा री ओमलता दीदी, बीके विनीता बहन, होमगार्ड के प्लाटून कमांडर भ्राता श्री हेमराज परस्ते, हवलदार कोमल सिंह एवं होमगार्ड के पुलिस जवान उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने पुलिस जवानों को रक्षाबंधन के पावन पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए रक्षासूत्र का महत्व बताया कि रक्षासूत्र बांधते समय सबसे पहले बहन भाई के मस्तष्क पर तिलक लगाते हैं जो आत्मस्मृति का प्रतीक है, उसके बाद रक्षासूत्र कलाई में बांधते है जो एकता का प्रतीक है और दो धागे में गठान लगाते हैं वह दृढ़ता का प्रतीक है। उसके बाद मुख मीठा कराया जाता है, इसका मतलब की हमेशा मुख से सदैव मीठी वाणी बोलते रहे। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सभी को नशा मुक्त जीवन जीने और दूसरों को नशा मुक्त बनाने की दृढ़ प्रतिज्ञा कराई गई। और सभी से रक्षाबंधन पर शुभ संकल्प लेने के लिए शुभ संकल्प पत्र भी भरवाया, जिसमें सभी ने अपने जीवन में शुभ संकल्प लेने का निश्चय किया। इसके बाद ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने सभी को रक्षासूत्र बांधा और सभी का मुख मीठा कराया।

अभिषेक | विहिप द्वारा महिष्मति घाट पर हुआ भव्य रुद्राभिषेक

# अंतिम सोमवार भोले नाथ हुआ भव्य अभिषेक

*** शिव नाम के जयघोष से गूंज उठा शहर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



श्रावण मास के अंतिम सोमवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल मंडला के तत्वावधान में महिष्मति घाट पर भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। दोपहर 1 बजे से प्रारंभ हुए इस दिव्य अनुष्ठान में श्रद्धा, भक्ति और शिव आराधना का अद्वितीय संगम देखने को मिला।

इस सामूहिक रुद्राभिषेक में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयघोष के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया। आयोजन का उद्देश्य भक्तों को ईश्वर भक्ति, समर्पण और धर्म के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर कई दंपतियों एवं महिलाओं ने अपने हाथों से निर्मित शिवलिंग का विधिवत अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

आयोजन का मुख्य आकर्षण 'बाबा बर्फानी' की दिव्य झांकी रही, जिन्हें आयोजकों द्वारा बर्फ से विशेष रूप से निर्मित कराया गया था। श्रद्धालु इस अद्भुत रूप के दर्शन कर भावविभोर हो उठे। सावन में बर्फ से निर्मित बाबा बर्फानी की झांकी ने सभी को अमरनाथ धाम का आभास कराया।

आचार्य शशिकांत जी प्रयागराज द्वारा शिव रुद्राभिषेक की महिमा का संगीतमय वाचन किया गया, जिसमें उन्होंने रुद्राभिषेक के महत्व, आध्यात्मिक प्रभाव और जीवन में शिव आराधना की भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस विशेष आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ की गई, जिन्होंने आयोजन को सफल और सुव्यवस्थित बनाने में अहम भूमिका निभाई। भोले बाबा की महाआरती के साथ कार्यक्रम के अंत में विशेष पूजन और प्रसादी वितरण के माध्यम से भक्तों को शिव कृपा का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

मंडला के धार्मिक जीवन में यह आयोजन एक प्रेरणादायी अध्याय के रूप में दर्ज हुआ, जिसने पूरे शहर को शिवमय बना दिया।

# औचक निरीक्षण में बीईओ ने पाई अनियमितताएं, शिक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

*** विद्यालय में अव्यवस्था पर जताई नाराज़गी, दी सख्त हिदायतें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) नारायणगंज राजेश विश्वकर्मा ने शासकीय माध्यमिक शाला किकरिया का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सोमवार शाम 4:10 बजे किया गया। निरीक्षण के दौरान एक शिक्षक बिना किसी पूर्व स्वीकृति के अनुपस्थित पाए गए, जिस पर बीईओ श्री विश्वकर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित शिक्षक से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बीईओ स्वयं कक्षा में पहुंचे और बच्चों से प्रश्न पूछकर उनकी पढ़ाई की स्थिति का जायजा लिया। बच्चों से संवाद के माध्यम से उन्होंने शिक्षण कार्य की गुणवत्ता की भी परख की।



विद्यालय परिसर की अव्यवस्थित सफाई व्यवस्था देखकर श्री विश्वकर्मा ने गहरी नाराज़गी जाहिर की और शाला प्रबंधन को तत्काल साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ परिसर की स्वच्छता भी अत्यंत आवश्यक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बीईओ ने आगामी दिनों में अन्य विद्यालयों के भी औचक निरीक्षण करने की बात कही, जिससे शिक्षा व्यवस्था में और अधिक पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित किया जा सके।

खबर संक्षेप

## गैस की उपलब्धता आसान होने के चलते खुलेआम दुकानों पर हो रही उपयोग

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। यह बात अलग है कि इस समय लोगों को गैस आसानी से उपलब्ध होते हुये देखी जा रही है। मगर वही दूसरी ओर घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग प्रतिबंधित हैं। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर में जहां खुलेआम घरेलू गैस को नियम विरूद्व तरीके से दुकानों पर व्यवसायिक रूप से उपयोग हो रहा है। इस बात की सच्चाई नगर में चल रही अनेक होटलों से लेकर अंडा दुकानों से लेकर जहां तहां आयोजित होने वाले समारोहों में धडल्ले से घरेलू गैस का उपयोग होते हुये देखा जा रहा है। मगर हैरत की बात है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से सच्चाई का नजर अंदाज किया जा रहा है वह निश्चित ही चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि नियम के अनुसार घरेलू गैस का उपयोग सिर्फ घर के रसोई घरों में ही किया जा सकता है। मगर प्रशासन की अनेदेखी का परिणाम है कि रसोई गैस सिलेण्डरों का उपयोग धडल्ले से जहां समारोहो से लेकर अन्य कार्यक्रमों में होने के अलावा सड़क किनारे चलने वाले चाय नास्ता सहित अंडा दुकानों पर तक धडल्ले किया करते हुये देखा जा रहा है। इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो गैस चलने वाले वाहनों में तक इस प्रकार से गैस किटों में घरेलू गैस सिल्डरों के माध्यम से गैर पलटी करते हुये वाहनों को दौड़ाया जा रहा है? मगर पता नही प्रशासन के अधिकारियों द्वारा इन रसूखदार मालिको के बड़े प्रतिष्ठानो पर कार्यवाही करने की हिम्मत क्यो नही जुटा पा रहे है यह सच्चाई चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है? जबकि घरेलू गैस के दुरूपयोग को रोकना खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी है मगर विभाग द्वारा दिखाई जाने वाली सुस्ती से घरेलू उपभोक्ताओं के हक पर डाका डाल रहे होटल संचालको व अन्य व्यवसायियो के हौसले बुलंद नजर आने से नही चूक पा रहे है। रसोई गैस में दौड़ रहे वाहन- इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो क्षेत्र मे सैकड़ो की तादाद में सीएनजी ईधन से चलने वाले वाहन दौड़ रहे है वही दूसरी ओर जिले में कही भी सीएमजी रिफलिंग सेन्टर नही है, जो वाहन चालक अपने वाहन में वास्तव में सीएनजी भराना चाहता है उसे किसी दूसरे बड़े महानगरों के रिफलिंग सेन्टर जाना पड़ेगा, ऐसे में अब प्रश्न यह उठता है कि इन्हे सीएनजी गैस टेंक में डालने कहां से मिलती है जाहिर सी बात है उपभोक्ताओं के हिस्से की टंकी इन्ही वाहनो में रिफिल किये जाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? जबकि देखा जावे तो इस प्रकार से रसोई गैस से वाहनो को दौड़ाने के चक्कर में आये दिन किसी ने किसी शहर में हादसे होने की खबर आती रहती है

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार को क्षेत्र में देखने मिली कांवड़ यात्राओं की धूम, डमरूघाटी पर दिन भर लगी रही भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।









विदाई लेने की ओर पहुंच चुके सावन माह के चलते नगर सहित क्षेत्र के गांवों में लगातार अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई देखी जा रही हे। मगर कल सावन मास के चौथें व अंतिम सोमवार होने के चलते शिव मंदिरों में भक्तों का जन सैलाब उमड़ने से नही चूक रहा था। वही दूसरी ओर इस दिवस क्षेत्र में कबाड़ यात्राओं की धूम भी देखने मिली। वही दूसरी ओर नगर व क्षेत्र में आस्था का केन्द्र माने जाने वाले शिवधाम डमरूघाटी श्रावण माह का अंतिम सोमवार होने के कारण मेंला जैसा महौल निर्मित होते हुये देखा गया। शिवजी की आराधना में लीन रहने के लिये प्रमुख माने जाने वाले श्रावण मास के अंतिम चरण व आखरी सोमवार होने के चलते शिव भक्तों द्वारा क्षेत्र में तीन बडी बडी काबड़ यात्राये निकालते हुये माँ नर्मदाजी के निर्मल नीर से शिवजी का अभिषेख किया गया। बताया जाता है कि माँ नर्मदाजी के ककराघाट से तेंदूखेड़ा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय शर्मा द्वारा निकाली गई काबड़ यात्रा में सैकडों की संख्या में शामिल लोगों द्वारा नर्मदा जल से डमरूघाटी पहुंचकर शिवजी का अभिषेख किया गया। वही इस काबड़ यात्रा का जगह जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया। वही दूसरी ओर समीपस्थ माँ नर्मदाजी के शोकलपुर घाट से भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन सहित अन्य शिवभक्तों की टीम द्वारा भी भव्य काबड़ यात्रा निकाली गई जो शोकलपुर माँ नर्मदा जी का जल लेकर शामिल सैकड़ो काबड़ यात्रियों द्वारा पैदल पहुंचकर शिवजी का अभिषेख किया गया। बताया जाता है कि इस कबाड़ यात्रा के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के विधायक व म.प्र. के शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा माँ नर्मदाजी का पूजन अर्चन करते हुये एक दिन पहले की कर दिया गया था। इसी प्रकार से समीपस्थ ग्राम कौड़िया हिंदू उत्सव समिति द्वारा माँ नर्मदाजी की थरेरी घाट से विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई जिसमें अनेक संतों के साथ साथ तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल सहित अन्य भक्तों ने शामिल होकर पुण्य लाभ लेते हुये शिवजी का पूजन अर्चन किया गया। इस प्रकार से श्रावण मास का अंतिम सोमवार पूरे दिन शिवभक्ति में लोगों को लीन रहते हुये देखा गया तो दूसरी ओर शिवधाम डमरूघाटी सिर्फ नगरवासियों के लिये ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के लोगों के लिये आस्था का केन्द्र माना जाता है। इसी के चलते यहां पर शिव भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है। वही दूसरी ओर मौसम साफ रहने के कारण शिवधाम डमरूघाटी में शिवभक्तों का मेला लगा रहा जिसके चलते स्थिति इस तरह से बनी हुई थी की मुख्य मार्ग पर जाम की हालात पैदा होने के चलते पुलिस प्रशासन की टीम को जरूरी व्यवस्थाये बनाते हुये देखा गया।

## सावन माह के अंतिम सोमवार को हर हर महादेव के जयकारों गूंज नगर



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

श्रावण मास को समाप्ति की घडी समीप होने से शिव भक्तों को ऐसा महसूस होते हुये प्रतीत हो रहा है कि मानों व भोलेनाथ से एक साल के लिये बिछड़ रहे है। इसी के चलते कल सावन मास के अंतिम सोमवार को शहर से लेकर गांव गांव शिव मंदिरों पर जिस प्रकार के आयोजन होते हुये देखे गये वह निश्चित तौर से एक अनोखा संदेश देने से नही चूक रहे थें। वैसे देखा जावे तो संपूर्ण क्षेत्र के लिये आस्था का केन्द्र बन चुके शिवधाम डमरूघाटी पर वैसे भी श्रावण मास के चारों सोमवारों को मेले जैसा महौल देखने मिला है। मगर आखिरी सोमवार को जिस प्रकार का नजारा देखा गया कि शहर के शक्कर नदी पुल पर जाम के हालत बनने से नही चूक पाये थें। वही दूसरी ओर नगर के शिव मंदिरों में जहां तहां रूद्री निर्माण से लेकर शिव अभिषेक्ष, महा मृतुंय जाप सहित अन्य तरह की अनुष्ठान होते हुये देखे गये। वही गांव गांव अखंड रामायण पाठ के चलते चौपाईयों से संपूर्ण क्षेत्र गूंजते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर गांव गांव शिव मंदिरों पर सोमवार के दिवस लोगों को शिव जी की आराधना में पूर्णरूप से लीन होते हुये देखा गया। इस तरह सावन मास की समाप्ति की बेला मे जहां अनेक जगहों पर रामायण पाठ, श्रीमद भागवत, शिव पुराण, रामसत्ता, शिव रूद्री निर्माण सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। सावन मास का अंतिम सोमवार होने के कारण शिव भक्तों को भगवान भोले शंकर की भक्ति में लीन होकर उन्हें अलग ही रूप में आराधना करते हुये देखा गया। गांव गांव महिलाओं ने मिट्टी से निर्मित किये गये शिवलिंगों का पूर्ण विधि विधान के साथ अभिषेक्ष करते हुये अपने परिवार व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। इस प्रकार से समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव साई मंदिर में प्रत्येक बर्ष सावन के महिने में रूद्री निर्माण एंव रूद्राभिषेक का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी जहां ग्रामीणों में उत्साह के साथ शिवजी लिंग यानि रूद्री निर्माण करने के साथ उनका बडे ही धूमधाम के साथ अभिषेख किया गया। वही ग्राम लिलवानी में भी लोगों द्वारा रूद्री निर्माण करते हुये पूजन करने में कोई कसर नही छोडी गई है।

## वर्षा के चलते सालीचौका में घटित हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की गस्त व्यवस्था पर खड़े किये सबाल





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

वर्षा के चलते जिस तरह से सालीचौका नगर व क्षेत्र में चोरी सहित अन्य अपराधिक घटनाओं में इजाफा होते हुये देखा जा रहा है उसके चलते क्षेत्रवासियों में दहशत का महौल पैदा होने के साथ सुरक्षा की बागडोर में बदलाव की मांग उठाने से नही चूक रहे है..? क्योंकि सालीचौका क्षेत्र में चोरी की घटनाओं के साथ अन्य अपराधों की हो रही वर्षा ने जहां पुलिस की गस्त व्यवस्था पर सबाल खड़े कर दिये गये है। क्योंकि चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों की सच्चाई देखते हुये यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि मानों आरोपियों के दिलों में पुलिस की दहशत पूर्णरूप से समाप्त हो चुकी है..? बताया जाता है कि बीते हुये दिवस चारों द्वारा जिस प्रकार से एक एक ज्वेलर्स दुकान को अपना निशाना बनाते हुये छप्पर काटते हुये चोरी की घटना को अंजाम देते हुये वेंटेक्स की ज्वैलरी की सामग्री को पार किया गया है। वही दूसरी ओर वहां पर लगे हुये गुप्त केमरों में आरोपियों की सच्चाई जो कैद हुई वह पुलिस के लिये चुनौती देने के समान प्रतीत होने से नही चूक रही है। बताया जाता है कि सालीचौका पुलिस जिस लोकेशन पर खड़ी होकर प्रतिदिन एक फोटो सेशन करके अपने विभाग उच्च अधिकारियों को भेजते हुये देखी जाती है। उसी स्थान यानि की गुड़ बाजार क्षेत्र में स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान के छप्पर को खोलकर जिस तरह आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देते हुये देखे जा रहे है। वही निश्चित तो से पुलिस की गस्त व्यवस्था पर सबाल खडे करने से नही चूक रही है..? इतना ही नही गुप्त केमरों में रिकार्ड हुई सच्चाई पर गौर किया जावे तो घटना को अंजाम देने वाले आरोपी पहले काफी समय तक गुड बाजर क्षेत्र में खड़े रहते हुये अपना मोबाईल चलाते हुये दिखाई दे रहे है। मगर इसके बाद भी नगर के प्रमुख स्थल गुड बाजार क्षेत्र में कही भी कोई गस्त कर्मी नही आने के चलते जहां आरोपियों के हौसलों को बुलंदी मिलने में कोई कसर बाकी नही रहे रही है। इसके बाद चोरों द्वारा एक ज्वेलर्स दुकान को अपना निशाना बनाते हुये छप्पर काटते हुये उसके अंदर काफी समय तक रूकने के बाद निकलते हुये देखे जा रहे है..? इस सच्चाई को देखते हुये यह सबाल पैदा होने से नही चूक पा रहा है कि यदि पुलिस की गस्त व्यवस्था सख्त होती तो शायद आरोपी इस घटना को अंजाम देने में सफल नही हो पाते। मगर पुलिस की सुस्त गस्त व्यवस्था का परिणाम है कि चोरों के हौसल बुलंद होने से नही चूक रहे है और वह देर रात इस तरह के प्रमुख माने जाने वाले स्थानों पर भ्रमण करने के साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में सफल हो रहे है..? इस तरह घटित हो रही चोरी की घटनाओं के चलते जहां सालीचौका के लोगों को दहशत में देखा जा रहा है तो दूसरी ओर नगर में सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वालों के प्रति अपना विश्वास समाप्त होते हुये देखा जाने लगा है।

## विदाई ले रही श्रावण मास के सोमवार को शिव मंदिरों में शिव अभिषेख के दिन भर सुनाई देती रही हर हर महादेव की ध्वनि...











हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

निश्चित तौर सावन माह शिवजी की आराधना के लिये प्रमुख माना जाता है। हर साल देखा जाता है कि जब श्रावण मास की शुरूआत होती है तो महिलाये पूर्णरूप से शिवजी की आराधना में लीन होने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार का हाल विदाई देने की ओर पहुंच चुके श्रावण मास के आखिरी सोमवार को देखने मिला। क्योंकि इस साल श्रावण मास में कुल चार सोमवार होने के चलते यह अंतिम सोमवार होने के कारण शिवजी की आराधना से कोई बंचित नही होना चाहता था। इसी के चलते दिन भर जहां नगर के शिव मंदिरों पर शिव अभिषेख होने के कारण चारो ओर हर हर महादेव की ध्वनि गूंजते हुये सुनाई दे रही थी तो महिलाये पूर्णरूप से शिवजी की आराधना में लीन होकर उनकी पूजन में कोई कसर बाकी नही छोड़ रही थी। वही नगर के प्रमुख माने जाने वाले शिव मंदिरों में विजय कालोनी शिव मंदिर, नर्मदा कालोनी शिव मंदिर, सिंचााई विभाग कार्यालय के पास स्थित शिव मंदिर, समीपस्थ पौड़ार स्थित शिव मंदिरों में विशेष रूप से शिव अभिषेख कार्यक्रमों आयोजित होते हुये देखे गये। जहां पर शिव भक्त पूर्णरूप से शिव भक्ति में लीन होकर नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र की रक्षा के लिये भगवान भोलेनाथ से आर्शीवाद मांगा। क्योंकि माँ गंगाजी को अपनी जटाओं में रखने वाले भगवान शंकर जी भक्तों की जरा सी आराधना पर प्रसन्न हो जाते है और यह बात भगवान श्रीरामचंद्र जी ने भी कही है कि जब तक कोई मानव भगवान शिवजी की आराधना नही करता है तब तक भगवान श्रीरामजी के नजदीक नही पहुंच पाता है। भोलेनाथ भक्तों को संकट को जरा सी आराधना के उपरांत ही हरण करने से नही चूकते है। इसी के चलते प्रतिवर्ष देखा जाता है कि साबन मास में लोग भगवान शिवशंकर की भक्ति में लीन होने से नही चूकते है। क्योंकि जो शिवजी की आराधना करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होने में देरी नही लगती है। वही धर्म शास्त्रों में बताया गया है कि जो सुहागिन महिलाएं व्रत धारण करते हुये नीलकंठ शिवजी की आराधना में लिप्त रहती है उनका सुहाग सदा अमर रहता है। इसी का परिणाम है कि हर वर्ष महिलाओं को भी साबन मास के दौरान शिवजी की आराधना में लीन देखा जाता है। इस प्रकार से श्रावण मास की बिदाई का समय समीप आने के चलते नगर व क्षेत्र में लगातार बह रही धर्म की गंगा बहते हुये दिखाई दे रही है। वही समाजसेवी व पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमति अनीता/रविशेखर जायसवाल से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि निश्चित ही साबन मास भगवान भोले शंकर की आराधना के लिये सबसे प्रिय माना जाता है। इसी के चलते मेरे द्वारा साबन मास के सभी सोमवार विशेष महत्व वाले होते है। इन सोमवार को व्रत धारण करते हुये शिवजी की आराधना करने में कोई कसर नही छोड़ती हूॅ और आज साबन मास को चौथा सोमवार मेरे लिये विशेष रहा। साबन मास के सोमवार को मेरे द्वारा शिवजी की व्रत धारण करते हुये शिवजी से नगरवासियों व परिजनों की खुशहाली की कामना का बरदान मांगा। इसी प्रकार से शिवभक्त श्रीमति अंजली तोमर का कहना है कि निश्चित ही शिवजी की आराधना करने से मन को बड़ी शांति मिलती है। क्योंकि मानव जीवन में अनजाने में इस प्रकार की गलती हो जाती है। मगर शिवजी की आराधना से सभी प्रकार की गलतियों को क्षमा कर देते है। वही समाज सेवी व पार्षद श्रीमति पूजा/राधा मोहन तिवारी का कहना है कि निश्चित ही शिवजी की आराधना मानव जीवन को नई दिशा दिखाने वाली होती है। इसलिये हर मानव को शिवजी की आराधना करते हुये साबन माह में धर्म लाभ लेना चाहिये, इसी प्रकार से श्रीमति आशा पुरी गोस्वामी का कहना है कि सावन माह पूर्ण रूप से धार्मिक कार्यक्रमों में डूबने वाला होता है, जिसमें शिवजी की आराधना का विशेष महत्व होता है। इसलिये सभी लोगों को इस माह में शिवजी की आराधना करते हुये धर्म लाभ लेने का मौका नही गवाना चाहिये।

# मूंग विक्रय के बाद अब अन्नदाता किसान अब यूरिया प्राप्त करने के लिये लाईन में लगकर हो रहा परेशान

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। भले ही सरकार द्वारा क्षेत्र के अन्नदाताओं के लिये कुछ अंतराल के बाद दो दो हजार रूपया का लाली पॉप देते हुये खेती को लाभ का धंधा बनाने का भरोसा दिलाने के साथ अपने आपको किसान हितैषी बताने का प्रयास करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर माटी पुत्रों की सच्चाई देखी जावे तो मूंग विक्रय के दौरान मार कूट खाने के उपरांत अब यूरिया प्राप्त करने के लिये अन्नदाता को लाईन में लगाते हुये परेशान होते हुये देखा जा रहा है..? इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र के किसानों को अपने खेतों में बोई गई फसल को तैयार करने के लिये यूरिया खाद की जरूरत है। मगर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध नही होने के चलते वह दिन दिन भर लम्बी लाईनों में खडे होकर एक एक बोरी यूरिया प्राप्त करने की आस हुये हुये देखे जा रहे है। इस सच्चाई को देखकर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब सरकार द्वारा अपने आपको किसानों की सरकार बताया जाता है तो फिर क्या सरकार को इस बात की जानकारी नही रहती है कि खेती के अन्नदाता



को किस चीज की जरूरत कब पड़ती है..? इस तरह हर साल देखा जाता है कि जब किसानों को अपने खेतों में बोनी करने का समय आता है तो डीएपी खाद के लिये भटकने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। वही जब यूरिया खाद की जरूरत रहती है तो उसके लिये भूखे प्यासे लाईनों में खड़ा रहना पड़ता है। इस सच्चाई को देखते हुये जहां किसानों को अपनी खेती लाभ का धंधा बनाने पर भरोसा टूट रहा है..? क्योंकि इस समय देखा जा रहा है कि किसानों द्वारा गर्मी सीजन में पैदा की गई मूंग को लम्बी लम्बी लाईनों में खड़ा रहने के साथ गुणवत्ता के नाम पर लक्ष्मी पूजन करते हुये किसी तरह विक्रय तो कर दिया गया है। मगर अब यूरिया खाद के लिये भटकते हुये देखा जाने लगा है। बताया जाता है कि एक एक बोरी यूरिया प्राप्त करने के लिये वितरण केन्द्रो पर जहां किसानों की लम्बी लाईने लगी हुई देखी जा रही है। इस तरह यूरिया खाद की कमी का फायदा जहां वितरण केन्द्रो की संचालको से लेकर दूकानदार उठाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? बताया जाता है कि मनमाने दामों पर कुछ अधिकारियों की मिलीभगत के चलते पीछे वाले दरबाजे से चल रहे कारोबार के चलते जहां छोटे किसानों को अधिक परेशान होते हुये देखा जा रहा है।

## नगर के बीचों बीच रात भर होने वाली ठोका पीटी से नगरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा



जहां एक ओर मा. न्यायालय द्वारा रात 10 बजे के बाद सभी प्रकार के ध्वनि यंत्रों पर रोक लगा रखी है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर के मध्य जहां तहां खुले वार्क शांप सहित अन्य लोहे का सामन बनाने वाले तथा कथित खारखाने नुमा दुकानों पर रात रात भर लोह के समान की ठोका पीटी होने के कारण लोगों को जहां रात में सोने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वही दूसरी इन दुकानों पर लोहे की ठोक पीट के चलते घरों में वृद्व मरीज भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के मध्य अनेक जगहों पर लोहे की ट्राली सहित अन्य वस्तुओं का रात रात भर निर्माण करते हुए जमकर ठोक पीट की जाती रहती है, जिसके चलते आसपास के क्षेत्र में निवास करने वाले लोग सो नही पा रहे है, इस प्रकार से रात भर ध्वनि करने वालों के खिलाफ न तो प्रशासनिक अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही पुलिस प्रशासन जिसके चलते इनक हौसले बुलंद बताये जा रहे है? जिसका उदाहरण इस समय के अंदर संचालित हो रहे अनेक वर्कशांपों देखने मिल रहा है, जहां पर बताया जाता है कि नगर के रहवासी इलाको में रात रात भर लोहे की ठोक पीट होती रहती है, जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है? वही जानकारो के अनुसार बताया जाता है कि इस प्रकार के लोहे से बनने वाले सामन की दुकान व वर्क शांप नगर के अंदर वह रहवासी क्षेत्रों में स्थापित नही किये जा सकते है? फिर भी नगर में प्रशासन की अनदेखी के चलते जहां तहां बैलडिंग मशीन चल रही है, वही लोहे से बनने वाले समान की दुकाने जिसके कारण नगरवासियों का परेशान होना पड़ रहा है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गाडरवारा**
**वृत चीचली / बाबईकला**

राजस्व प्रकरण क्रमांक - 1045
मद ब - 121 / वर्ष:-2025-26
मौजा बारहाबड़ा, प.ह.नं. 58
रा. नि. मं. बाबई कला

**ईश्तहार**

आम जनता एवं सर्वसाधारण ग्राम - बारहाबड़ा प.ह.नं. 58 रा. नि. मं. बाबई / चीचली, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर को सूचित किया जाता है कि आवदेक शिवकुमार आ. मुलायम चंद पचौरी निवासी ग्राम बारहा बड़ा, तह. गाडरवारा जिला नरसिंहपुर द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया गया है कि मौजा बारहा बड़ा प.ह.नं. 58 रा. नि. मं. बाबईकला तह. गाडरवारा जिला नरसिंहपुर स्थित भूमि ख.नं. 66 रकवा 0.858 हे. भूमि शिवकुमार, राजेश, रामकुमार, शकुन बाई, ब्रजलता पिता मुलायमचंद बारहा बड़ा, ऊषा बाई उर्फ उमा बाई पिता दर्शनलाल ब्राम्हण निवासी बारहा बड़ा के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। आवेदक एवं मेरे सहखातेदार ऊषा बाई उर्फ रमाबाई पिता दर्शनलाल ब्राम्हण के द्वारा पंजीयनशुदा बैनामा दिनांक 19.04.2018 के अनुसार अपना हक व हिस्सा ख.नं. 66 रकवा 0.858 हे. भूमि मे से रकवा 0.607 हे. भूमि याने कि 1 एकड़ 49 डिसमिल भूमि विक्रय कर चुकी है जो इनके हक व हिस्से की भूमि थी परंतु उक्त सहखातेदार अपना हिस्सा विक्रय करने के पश्चात उनका नाम शेष अन्य खातेदारों के साथ नाम दर्ज चला आ रहा है उक्त पंजीयन शुदा बैनामा के आधार पर रिकार्ड दुरूस्त कर उक्त सहखातेदार का नाम खारिज किये जाने का निवेदन किया गया है इस संबंध में ग्राम के एवं अन्य जिस किसी भी व्यक्ति को जो उक्त भूमि के संबंध में हित रखता हो अथवा कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य दस्तावेज के सहित अपनी दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 14/08/2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। पेशी उपरांत प्राप्त दावा आपत्तियों पर न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जायेगा एवं न्यायालय प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही हेतु तत्पर रहेगा । ईश्तहार आज दिनांक 01/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 01/08/2025
पेशी दिनांक- 14/08/2025

न्यायालय नायब तहसीलदार
शील गाडरवारा वृत चीचली / बाबई कला
गाडरवारा दिनांक 01.08.2025

# सांईखेड़ा क्षेत्र के अनेक गांव के लोग आज भी कच्चे रास्ते के गुजरने के लिए हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज/ साईंखेड़ा।

जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करते हुए उनका भला किया जा रहा है, मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि सांईखेड़ा क्षेत्र के अनेक गांव आज भी पक्की सड़कों से नही जुड पाये है? लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना ने भले ही गॉव गॉव सड़को का जाल विछा दिया हो परन्तु विकासखंड साईंखेड़ा के अंतर्गत आने वाले अनेक गॉव आज भी



पक्की सड़क की सुविधा से कोशो दूर दिखाइ्र पड़ रहे है, जिसके चलते लोगों को आने जाने के लिए परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्षेत्र के अनेक ग्रामों में पक्की सड़क न होने से वर्षा काल में आवागमन दूभर हो जाता है और इन गांवों के लोग आज भी अपने आप को आज से 15 वर्ष पूर्व की स्थिति के समान महसूस करते हुए देखे जा रहे है? यहां के लोगों का कहना है कि इन ग्रामों में शीघ्र ही पक्की सड़क की सुविधा जनप्रतिनिधियों द्वारा मुहैया करायी जाये जिससे लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य जैंसी बुनियादी सुविधाओं के लिये शहर की ओर आवागमन सुगम हो सके। बताया जाता है कि इन ग्रामों के लोगों को आज भी अपनी आवश्यकता की बस्तुओं की खरीद फरोख्त के लिये साईंखेड़ा आना पड़ता है, मगर पक्की सड़क न होने से आवागमन में परेशाानी होती है साथ ही साथ इन गांवों में निवास करने वाले बच्चों का भी शिक्षा स्तर गिरता हुआ देखा जा रहा है, वही स्थिति तो गंभीर उस समय देखी जाते है तब गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाने की जरूरत पड़ जाती है, क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पिछले कई सालों से वे सड़क का सपना संजोये बैठे हैं कि उनके ग्राम में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क बनेगी परन्तु उनका सपना आज भी पूरा नही हो पाया है, जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि लगभग एक हजार की आवादी बाले क्षेत्र के ग्राम में पक्की सड़क की सुविधा न होने से विद्यार्थियों के साथ ग्रामीणों को रोड तक आने में दिक्कतों का सामना करते है, ग्रामीण की मांग है कि जल्द ही गॉव को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ा जाये।

## खबर संक्षेप



### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा डिंडोरी द्वारा निकाली जाएगी कलश यात्रा

डिंडोरी - प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय संगठन सचिव सह जिलाध्यक्ष राम गोपाल तिवारी संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण अवस्थी वरिष्ठ सलाहकार मथुरा प्रसाद धुर्वेए प्रीतम प्रसाद शुक्ला तथा महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुंवरिया मरावी तथा कार्य कारी जिलाध्यक्ष श्रीमति उदय वती धुर्वे तेकाम के अनुसार विगत दिनों जिला शाखा की मासिक बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार दिनांक 6 अगस्त बुधवार को दोपहर 12 बजे से नर्मदा मंदिर डेम घाट से राम मंदिर होते हुए सिविल लाइन स्थित त्र्यंबकेश्वर शिव मंदिर तक कलश यात्रा निकाल कर भोलेबाबा का जलाभिषेक कर प्रांतीय निकाय द्वारा प्रस्तावित मांग पत्र सौंपा जाएगा। संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधिया, महामंत्री राम मूरत सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष राज नारायण दीक्षित, तहसील सचिव प्रेम लाल झारिया तथा ब्लाक सचिव सीता राम पाण्डेय के अनुसार आज 4 अगस्त को उक्त कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से आयोजन समिति के संयोजक सह जिला कोषाध्यक्ष गुरु प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कोर गूप की बैठक में कलश यात्रा का आयोजन बाजे.गाजे के साथ निकालने के साथ ही दम्पति वाले पेंशनर्स सपत्नीक ड्रेसकोड के साथ ही अपने साथ ताम्र पात्र या लोटा लेकर निर्धारित समय में नर्मदा मंदिर डेम घाट में पधारेंगे। संगठन के जिला मुख्यालय के पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष श्याम लाल साहूएबी एम शुक्ला श्रीमती भागवती मरकाम श्रीमती कीर्ति कछवाहा, सचिव संदीप चौरसिया, तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र महदेल कार्यकारी तहसील अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र चौरसिया, उपाध्यक्ष एन पी शुक्ला कोषाध्यक्ष सीता राम श्रीवास्तव महिला प्रकोष्ठ महामंत्री श्रीमति संतोष उयके के अनुसार उक्त कलश यात्रा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी पंडित हीरालाल जी दुबे के नेतृत्व में आयोजित में सम्मिलित होने के लिए अधिक से अधिक साथियों के साथ पधारने की अपील की जा रही है।

### अंतिम सोमवार अमरकंटक-शहडोल मार्ग के ज्वालेश्वर तिराहे में लगा भारी जाम

**हरिभूमि न्यज अमरकंटक।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार के अवसर पर अमरकंटक से शहडोल मुख्य मार्ग पर स्थित ज्वालेश्वर मंदिर तिराहे पर भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। लगभग 2 से 3 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लगी हुई थी जिससे श्रद्धालु, तीर्थ यात्री एवं आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहन चालकों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण यह जाम घंटों बना रहा। मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मी ट्रैफिक नियंत्रण में असक्षम नजर आये जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त था।

### जिले में 1.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र जैतहरी में 11 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, वेंकटनगर, पुष्पराजगढ, अमरकंटक तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 7 को

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में 07 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अपर जिला दण्डाधिकारी अनूपपुर ने सर्व संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने को कहा है।

# भोलेनाथ को अर्पित किया नर्मदा जल, मालपुर से निकली शिवशक्ति डाक कांवड़ यात्रा



शहपुरा डिंडौरी

सावन के पावन अवसर पर पूरे माह भर चल रही शिवभक्ति की श्रृंखला में रविवार को शिवशक्ति डाक कावड़ यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह यात्रा मालपुर के पवित्र कन्हैया संगम घाट से प्रारंभ होकर शहपुरा नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक पहुँची। श्रद्धालुओं ने नर्मदा जल से भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक कर आस्था का परिचय दिया। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं और ग्रामीण श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह सामाजिक संगठनों और नागरिकों द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में "हर हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।शिवशक्ति डाक कावड़ सेवा समिति शहपुरा द्वारा आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं में धार्मिक चेतना जागृत करना और सनातन संस्कृति के मूल्यों को बढ़ावा देना रहा। सावन के पूरे महीने इस प्रकार की कावड़ यात्राओं के माध्यम से नगर शिवमय बना हुआ है।



# हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा को प्रत्येक मंडलों में संकल्प लेकर कार्यकर्ता संपन्न कराने में अपनी अहम भूमिका निभाएं : फग्गन सिंह कुलस्ते

## स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा को कार्यकर्ता जमीनी रूप प्रदान करें - गिरीश द्विवेदी

## हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा स्वच्छता अभियान विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारी को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज, डिंडोरी

भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों अनुसार पार्टी के संगठनत्मक कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाने के लिए जिला स्तरीय बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छाया चित्रों पर मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय नेता एवं सांसद पूर्व मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते एवं जिला के प्रभारी गिरीश द्विवेदी जी पार्टी जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम जी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह ते काम जी ने दीप प्रज्वलित एवं मलयार्पण कर किया। बैठक में हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा स्वच्छता अभियान एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, को लेकर कर योजना तैयार की गई। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने मुख्य अतिथि के रूप में बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि, कि देश में ऐसा राजनीतिक दल है भारतीय जनता पार्टी जो तिरंगा यात्रा के माध्यम से हर समाज को अपनी राष्ट्रीयता से जोड़ती है राष्ट्रवाद में हमारी विचारधारा में राष्ट्र प्रथम है और इस संकल्प को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और हमारे राज्य सरकार ने विकास और प्रकृति का मार्ग प्रस्तुत कर रही है,। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ 'तिरंगा यात्रा' एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देश भक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लेते हैं। कुलस्ते ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व, सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से 'आपरेशन सिन्दूर' पूर्णतः सफल रहा। यह मोदी जी के नेतृत्व में नया, समृद्धशाली, शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है, सभी को इस पर गर्व है। पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ हाथों में तिरंगा लेकर के देश भक्ति के कार्यक्रम आपरेशन सिन्दूर की सफलता के उपरांत मनाये गये।दिनांक 29 जुलाई, 2025 को संसद में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर चर्चा करते हुए कहा 'यह भारत के विजयोत्सव और गौरवगान का सत्र है कि यह विजयोत्सव, आतंक हेडक्वार्टर को मिट्टी में मिलाने का है, यह विजयोत्सव, सिंदूर की सौगंध पूरा करने का है। यह विजयोत्सव, भारत की सेना के शौर्य और सामर्थ्य का है।' उन्होंने कहा कि संसद के इस सत्र में पहलगाम घटना के उपरांत आपरेशन सिन्दूर की सफलता पर माननीय प्रधानमंत्री जी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा दिये गये भाषण अत्यधिक जानकारी युक्त एवं प्रेरक है। कार्यकर्ता इसे पढ़े एवं व्यापकता के साथ प्रचार-प्रसार करते हुए आमजन के बीच इसकी चर्चा करें। हम सबको स्मरण है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मन की बात में कहा कि 'हर घर तिरंगा अभियान' के लिए सबका जोश रहता है, गरीब हो,अमीर हो, छोटा घर हो या बडा घर हो, हर कोई तिरंगा लहराकर गर्व का अनुभव करता है। जब कॉलोनी या सोसायटी के एक-एक घर पर तिरंगा लहराता है तो देखते-देखते दूसरे घरों पर तिरंगा दिखने लगता है। यानि हर घर तिरंगा अभियान तिरंगे की शान में एक यूनिक फेस्टिबल (अनोखा उत्सव) बन चुका है। तिरंगे को लेकर यह उल्लास, यह उमंग हमें एक दूसरे से जोड़ती है। माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी एवं माननीय प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल जी के निर्देशानुसार इस अवसर पर निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया जानाहैः-। संगठनत्मक कार्यक्रमों को कार्यकर्ता अपनी विशेष जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए गति प्रदान करना है और शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय तिरंगा हमारे भारत की शान है इसी क्षण के साथ हमें तिरंगा यात्रा को सफलता रूप प्रदान करना है। भारतीय जनता पार्टी जिला स्तरीय बैठक के संगठन के जिला प्रभारी श्री गिरीश द्विवेदी जी ने आगामी पार्टी के संगठनत्मक कार्यक्रमों के कहा कि 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मण्डल में 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया जाना चाहिए। इन कार्यक्रमों में युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की प्रमुख भूमिका होनी चाहिए। आम जनता की अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित हो मंडल ग्राम मतदान केन्द्रों मै जो भी शहीद स्मारक बना हो उसे पर स्वच्छता अभियान चलाना है साथी स्वतंत्रता सेनानी परिवार का सम्मान करना है और यह तिरंगा यात्रा को हर मतदान केदो में अनिवार्य रूप से यात्रा को निकालना है जिला स्तर के बाद मंडल की कार्य शाला 5 एवं 6 तारीख को रखी गई हैउसमें अपेक्षित पदाधिकारी सत प्रतिशत हो साथी तिरंगा यात्रा को संगठन अप में डाउनलोड करना है एवं मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा कि इस बार कुछ मंडलों में मां की बात कार्यक्रम कम हुए हैं और संगठन अप में डाउनलोड नहीं हो पाया है जिसके कम हमारी प्रगति नहीं देख पाई है आगामी कार्यक्रम जो संगठन के हैं उसे कार्यक्रम को सफल कर हमें संगठन अप में डाउनलोड करना अनिवार्य है एवं बलिदानियों के साथ-साथ रक्षा उपकरणों की प्रशंसा करते हुए प्लेकार्डस (तख्तियां) लेकर तिरंगा यात्रा में जाना है।13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराना सुनिश्चित किया जाए। जहाँ संभव हो, वहां ध्वजारोहण बच्चों के हाथों से करवाया जाए।15 अगस्त की शाम को तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारना सुनिश्चित किया जाए।12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों,युद्ध स्मारकों और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाए। स्वच्छता अभियान के उपरांत सभी स्थानों पर पुष्पांजलि अर्पित करें।प्रत्येक मण्डल में युद्धवीरों, शहीदों, देश की सेवा में प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिस कर्मियों के घर पहुंचकर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाना है। पार्टी जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम जी ने कहा कि क्षेत्रों में कार्यकर्ता पदाधिकारी सैनिकों को सम्मानित करें 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सभी जिलों में मौन जुलूस उपयुक्त बैनर व प्लेकार्डस के साथ निकालना है, हॉल मीटिंग्स आयोजित करना एवं विभाजन से प्रभावित लोगों से भेंट एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है।उपरोक्त कार्यक्रमों में सभी स्तरों पर जनप्रतिनिधियो एवं पार्टी पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सभी स्थानों पर सुनिश्चित की जाए। इसके लिए समय रहते संबंधित भंडार केन्द्रों से संपर्क किया जाए। हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के सफल कियान्वयन हेतु जिला स्तर पर टोली गठित की गई है जिसमें तिरंगा यात्रा के संयोजक जिले के महामंत्री जय सिंह मरावी जी एवं सहसंयोजक जिला उपाअध्यक्ष दिलीप तांबकार जी पूर्व महामंत्री संतोष साहू जी को नियुक्त किया गया है*(संगठनत्मक कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर द्वितीय दिवस में होगी मंडल बैठक* अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह ते काम ने मण्डल बैठक- 5 6 अगस्त को आयोजित करना है।सभी कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी और फोटो संगठन एप्प' 'नमो ऐप' व 'सरल पोर्टल पर अपलोड की जाए। बैठक का संचालन जिला जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी एवं कार्यक्रम के संयोजक जय सिंह मरावी के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश चंद जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष परस्ते जी पूर्व विधायक डी सी उरैती, जिला उपाअध्यक्ष पीतम सिंह मरावी, बद्रीप्रसाद साहू, दिलीप ताम्रकार, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस भाजपा मीडिया प्रभारी सुधीर दत्त तिवारी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नरबादिया मरकाम, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश धूमकेती, सोशल मीडिया संयोजक पवन शर्मा आई टी संयोजक राहुल पाण्डेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर हेमसिंह राजपूत सुशील राय, कृष्ण कुमार मिश्रा, राजकुमार मोंगरे, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, अनिल साहू भजन चक्रवर्ती, लक्ष्मी दर्केश, वर्षा कुशराम, सुदामा बर्मन, मालती तिवारी राजेश वंशकार संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक सम्पन्न

**डिंडौरी** : कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर मारव्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सही समय पर पहुंचे। उन्होंने अवैध परिवहन की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु स्थापित चेक पोस्ट की प्रभावशीलता की समीक्षा की गई और निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही की जानकारी ली। डुप्लिकेट और समय पर ई.केवाईसी से संबंधित प्रगति पर विभागीय समीक्षा की। पेंशन, समग्र रजिस्ट्रेशन, बीज, खाद वितरण जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। और राजस्व एवं वन अधिकार पत्र से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर नेहा मारव्या ने जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी एवं अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश देते हुए



कहा कि अपने-अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले विद्यालयए शाला में छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता के साथ प्रवेश दिलाने में विशेष ध्यान दें। जिससे जिले का कोई भी छात्र वंचित न रहे। कलेक्टर नेहा मारव्या ने जिले के विद्यालय, शालाओं की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग और जिला शिक्षा अधिकारी को पुराने विद्यालय से नवीन भवन में छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलाकर संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ सीएमओ नगरपालिका को सीएम हेल्पलाइन, ईकेवाइसी प्रकरण में लापरवाही करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार परिवहन अधिकारी डिंडौरी को सीएम हेल्पलाइन एवं नियमित रूप से यात्रीबसों में नियमित निरिक्षण, फिटनेस प्रमाण पत्र जांच कर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के नोडल डिप्टी कलेक्टर डिंडौरी को सर्वविभागीय समन्वय के साथ सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को हल कराने हेतु विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। ताकि समयसीमा के अंदर सीएम हेल्प लाइन का निराकरण किया जा सके। कलेक्टर मारव्या ने डीपीसी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त को लंबे समय से पदस्थ बीआरसी, बीएसी, बीओ, को परिवर्तन करने के निर्देश दिए ताकि शिक्षा के स्तर में नियमित रूप से गति लायी जा सके। कलेक्टर नेहा मारव्या ने समाचार पत्र में प्रकाशित की ग्राम कुसेरा से विद्यालय जाते बच्चों को कीचड़ भरे रास्ते को दिखाया गया जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए तुरंत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि आज ही रोड का निरिक्षण कर, स्टीमेट तैयार कर पीएमजीएसवाई योजना के माध्यम से बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर मारव्या ने महिला बाल विकास विभाग को मानव संरक्षण आयोग को लंबे समय से लंबित जानकारी को समय पर न भेजना और नवीन आंगनवाड़ी केंद्र में आने-जाने का मार्ग, न पानी फिर भी महिला बाल विकास अधिकारी के द्वारा हेंडओवर लेने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मारव्या ने सर्वशिक्षा अभियान जिला शिक्षा अधिकारी को सख्त निर्देश दिए है की जर-जर भवन प्राथमिक शाला, प्राथमिक आश्रम, माध्यमिक शाला, एकीकृत प्राथमिक शाला एवं अन्य भवनों की स्थिति को देखकर अध्ययनरत छात्र-छात्रओं को अन्य सुरक्षित जगह पर कक्षायें संलाचित की जाये, एक माह से निंरतर बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से निंरतर सुरक्षा हेतु निर्देश दिए जा रहे। फिर भी आपके द्वारा लापरवाही की जाती है या कोई जोखिम सामने आता है तो संबंधित विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी होगी और उन पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।



## जबलपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप का निरीक्षण, पानी मिश्रण नहीं पाया गया

**डिंडौरी** - कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशानुसार 04 अगस्त को जबलपुर रोड स्थित श्री जलाराम पेट्रोलियम पंप का निरीक्षण किया गया। यह जांच सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम खान एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश तुरकर द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप के भूमिगत टैंकों में पानी के रिसाव की जांच कर पानी मिश्रण परीक्षण किया गया। साथ ही अग्निशामक यंत्रों की स्थिति, विस्फोटक लाइसेंस की वैधता, हवा-पानी शौचालय सुविधाए साफ-सफाई प्रतिदिन की जाने वाली डेंसिटी जांच, स्टॉक संग्रहण, 5 लीटर माप में डिलीवरी की जांच आदि बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया। जांच में पेट्रोल में किसी भी प्रकार का पानी मिश्रण नहीं पाया गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी पेट्रोल पंपों में इस प्रकार की नियमित जांच की कार्यवाही सतत रूप से जारी है।

# राखी पर भीड़ तो दिखी, पर ग्राहकी रही ठंडी, व्यापारियों को लगा करारा झटका

शहपुरा

रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व पर जहां बाजारों में भीड़-भाड़ दिखाई दी, वहीं व्यापारिक लेन-देन के लिहाज से यह त्यौहार इस बार व्यापारियों के लिए खासा निराशाजनक रहा। ग्राहकों की संख्या भले ही बढ़ी हो, पर खरीदी बेहद सीमित रही। इसका असर सीधे तौर पर व्यापार पर पड़ा है, जिससे व्यापारी वर्ग हताश नजर आ रहा है। डिंडोरी मुख्य बाजार से लेकर ब्लॉक स्तर तक, राखियों, मिठाइयों, उपहार सामग्रियों, साड़ियों, चूड़ियों और सजावट की दुकानों पर लोगों की आवाजाही तो बनी रही, लेकिन बिक्री अपेक्षा से काफी कम रही। कई व्यापारियों ने बताया कि इस बार त्यौहार की बिक्री में 40 से 50 प्रतिशत तक की



गिरावट देखने को मिली है। स्थानीय राखी विक्रेता छोटू झारिया ने बताया, "हर साल रक्षाबंधन के मौके पर अच्छी बिक्री होती थी, लेकिन इस साल ग्राहक सिर्फ पूछताछ कर रहे हैं। खरीदारी बेहद सीमित मात्रा में की जा रही है।"मिठाई दुकानदार धर्मेंद्र साहू ने कहा, "हमने खास रक्षाबंधन स्पेशल मिठाइयों का स्टॉक तैयार किया था, लेकिन बिक्री उम्मीद से बहुत कम रही। बीते वर्षों की तुलना में इस बार नुकसान झेलना पड़ा है।"व्यापारियों का मानना है कि इस गिरावट के पीछे लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, ग्रामीण क्षेत्रों की कमजोर आर्थिक स्थिति और ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता चलन बड़ी वजह बनकर उभरा है। रक्षाबंधन जैसे सामाजिक और पारिवारिक भावनाओं से जुड़े इस त्यौहार पर व्यापारिक मंदी ने छोटे दुकानदारों की उम्मीदों को झटका दिया है। यदि यही स्थिति रही, तो आगामी त्यौहारों पर बाजार की रौनक और अधिक फीकी पड़ सकती है।

# भगवान श्री सोमेश्वर महादेव को जलाभिषेक करने निकला सैकड़ों कांवड़ियों का जत्था, सावन माह के अंतिम सोमवार को शिवभक्ति की गूंज, महाकाल की पालकी रही आकर्षण का केंद्र

शहपुरा

सावन मास के अंतिम सोमवार को डिंडौरी जिले में शिवभक्ति का अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब कनई संगम मालपुर घाट से जल लेकर सैकड़ों कांवड़िए ₹बम भोले₹ के जयकारों के साथ करौंदी स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर की ओर रवाना हुए। श्रद्धा से ओतप्रोत इस यात्रा में भक्तों ने करीब 25 किलोमीटर की पदयात्रा नंगे पांव पूरी की।यात्रा में पुरुषों के साथ महिलाएं और बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। तपस्वियों की भांति चल रहे श्रद्धालु हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आए। इस बार यात्रा की विशेष बात यह रही कि पहली बार महाकाल की भव्य पालकी भी कांवड़ यात्रा का हिस्सा बनी, जिसने श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा भर दी। रास्ते भर भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़े और जयकारों से वातावरण



भक्तिमय हो गया। पूरे जिले में अनेक स्थानों से कांवड़ यात्राएं निकलीं और शिवालयों में जलाभिषेक व विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ।सेवा और सहयोग से भरी रही यात्रा,कांवड़ यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी अपना योगदान दियाः पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टेकेश्वर साहू द्वारा कांवड़ियों को अंगवस्त्र वितरित किए गए। समाजसेवी अरविंद बर्मन ने कांवड़ियों के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था की। विजय साहू द्वारा फलों का वितरण किया गया।जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई। आस्था की पूर्णताः जलाभिषेक, हवन और प्रसाद वितरण करौंदी मंदिर पहुंचकर सभी श्रद्धालुओं ने भगवान श्री सोमेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। इसके उपरांत हवन और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। भक्तों का मानना है कि सावन में शिव को जल चढ़ाने से समस्त कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकजुटता का अनुपम उदाहरण बन गया।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने जिले के एक लाख से अधिक हितग्राहियों को 31 करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफर की

**नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्रीश्नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किस्त वितरण वाराणसी, उत्तर प्रदेश में आयोजित कार्यक्रम में जिले के एक लाख 55 हजार 266 हितग्राहियों को 2 हजार रुपये के मान से कुल 31 करोड़ 5 लाख 32 हजार रुपये की राशि का ट्रांसफर सीधे उनके बैंक खातों में किया। जिले में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 20 वीं किस्त वितरण दिवस को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के उक्त कार्यक्रम का जिले में सीधा प्रसारण किया गया।

### थाना करेली के समस्त स्टाफ को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई शपथ

**नरसिंहपुर।** . भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए वर्ष 2025 के अंत तक पूरे प्रदेश में टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। जिले में भी टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना करेली के समस्त स्टाफ को टीबी बीमारी एवं निक्षय अभियान के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ भ दिलाई गई। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत थाना करेली के पुलिस स्टाफ को टीबी के लक्षण, दवाई के प्रकार, सुविधा, जांच और टीबी से संबंधित अन्य जानकारी विस्तार से बताई।

### अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी



**गोटेगांव।** विगत दिवस जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केन्द्र बीएसी उमाशंकर छिरा द्वारा आंगनवाड़ी और प्राथमिक शाला छिन्दौरी प्राथमिक शाला मवई का निरीक्षण किया गया। छिन्दौरी शाला में पदस्थ शिक्षक योगवती मुड़यिा बिना सूचना के 24 जुलाई से विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर वैधानिक कार्यवाही की। इस दौरान शाला प्रभारी को साफ सफाई स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने रसोइयों को बच्चों की थाली साफ करने निर्देशित किया साथ ही सभी शालाओ में डेली डायरी चैक की गई एफ एल येन गतिविधियों संचालित जानकारी ली एवं ver सर्वे समस्त शालाओ में जारी शालाओ में नामांकन बढ़ाने हेतु विशेष प्रयास करने के साथ-साथ शिक्षको को समय पर शाला पहुँचने और एस.डी.एम रजिस्टर तैयार करने निर्देशित किया गया है। बीएसी उमाशंकर छिरा द्वारा लगातार स्कूलों का सतत निरीक्षण शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने हेतु किया जा रहा है निरीक्षण में जनशिक्षक प्रकाश राकेशिया उपस्थित थे !

### कलचुरी महासभा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए पंकज चौकसे



**गोटेगांव।** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी पंकज चौकसे हमेशा ही सामाजिक कार्यों में समाज हित में अपनी कलार समाज को मजबूत करने के लिए बड़ी-बड़ी योजना तय कर बड़े-बड़े कार्यक्रम कर कलार समाज को नई गति प्रधान देने का कार्य करते हैं इसी सेवा भाव समर्पण के कारण वह अपनी समाज में एक अपना बड़ा वर्चस्व भी रखते हैं और यह उनका सेवा भाव समर्पण हर समाज संगठन के लिए भी होता है हाल ही में भोपाल स्थित कोलार रोड एलएनसीटी सभागार में अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा का 90वां स्थापना दिवस समारोह प्रदेश स्तरीय आयोजित हुआ जिसमें विशेष तौर पर श्री चौकसे को आमंत्रण कर सम्मानित किया गया।

### प्रवेशोत्सव एवं सत्र शुभारंभ समारोह 'आरंभ' का आयोजन

# सनातन परम्परा में मर्यादा व चरित्र ही हमारी पूंजी : रामस्वरूपाचार्य जी महाराज



**हरि भूमि न्यूज नरसिंहपुर।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 अंतर्गत नव प्रवेशित छात्र - छात्राओं का 27 वां प्रवेशोत्सव एवं सत्र शुभारंभ समारोह 'आरंभ' का आयोजन कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु रामस्वरूपाचार्य जी महाराज के सानिध्य एवं आशीर्वाद से एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर में किया गया।

जगतगुरू रामस्वरूपाचार्य जी छात्र - छात्राओं से मर्यादा एवं चरित्र को केंद्र मे रखते हुए साहस के साथ समग्र व्यक्तित्व विकास की बात पर बल दिया। महाविद्यालय के चेयरमैन इंजी. रूद्रेश तिवारी ने छात्र - छात्राओं की प्रतिभा पल्लवन की दिशा में अपने उदगार व्यक्त किए। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाराज श्री के पादुका पूजन महाविद्यालय के संरक्षक पं. मैथलीशरण तिवारी, श्रीमती कृष्णा तिवारी एवं श्रीमती अर्चना तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के

### छात्र - छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई



छात्र - छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिसमें संगीतकार की भूमिका में पंकज सागर एवं महिपाल रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आराधना दुबे एवं आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक प्रभारी मेजर डा. पराग नेमा द्वारा किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिक्षा एवं विधि संकाय द्वारा श्रवण मास के चतुर्थ सोमवार के अवसर पर पं. अजय शास्त्री निर्देशन में रुद्राभिषेक किया गया। कार्यक्रम में अजय प्रताप सिंह पटेल पार्षद, मुकेश नेमा, ठा. आकाश सिंह, एवं अनिल दुबे सहित विभागाध्यक्ष डा. एस एन राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, डा. दीपिका शर्मा, जी डी उमरे, अमितराज सोनी, विजेता सिधना, प्रसून नेमा,एवं स्टाफ मेंबर्स और छात्र - छात्राओं की विशेष उपस्थिति रही।

### ये हुए पुरस्कृत

नवीन शैक्षणिक सत्र अंतर्गत हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्राप्तांक तथा व्यक्तित्व के आधार पर मनोनीत किए गए कक्षा प्रतिनिधि रिशिका यादव, सत्यम कुशवाहा, रिया लोधी, निखिल कटारे, खुशबू गोस्वामी, नमन साहू, नम्रता यादव, अंश पटेल, अजहर अहमद कुरैशी, सानिया खान, पियूष ठाकुर एवं मीना लोधी को महाराज श्री द्वारा पुरस्कार एवं नियुक्ति पत्र आशीर्वाद स्वरूप प्रदान किए गए।

## खेड़ापति मंदिर में महिला मंडल द्वारा श्रीरामकथा का आयोजन



**हरि भूमि न्यूज नरसिंहपुर ।** स्थानीय महिला मंडल द्वारा खेड़ापति मंदिर में 30 अगस्त से श्रीरामकथा चल रहा है। इस भव्य आयोजन में देवी भगवती राय के श्रीमुख से श्रीरामकथा का वर्णन किया जा रहा है। आज इस कथा का एक महत्वपूर्ण भाग श्रीराम विवाह हुआ, जो सभी श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और आनंददायक रहा।इस श्रीरामकथा का समापन कल होगा, जो सभी के लिए एक भावपूर्ण और आत्मिक अनुभव होगा। इस आयोजन का उद्देश्य श्रीराम के जीवन और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जा सकें।महिला मंडल की इस पहल की सभी सराहना कर रहे हैं, जो समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस आयोजन मैं श्रीमती संध्या कोठारी श्रीमती निशा सोनी श्रीमती ज्योति तिवारी, मंजू श्रीवास्तव, उमा ठाकुर, सुषमा मिश्रा आदि का सहयोग प्राप्त हुआ व श्रीरामकथा में भी इनकी सक्रिय उपस्थिति रही। आयोजन मंडल का उद्देश्य है कि यह आयोजन सभी श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार अनुभव हो और उन्हें श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करे।

## लोकप्रिय लाडले विधायक नागेश ने निकाली भव्य कावड़ यात्रा

**क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि के लिए ज्योतिरीश्वर महादेव का जलाअभिषेक कर कामना की**

**गोटेगांव।** विगतदिवस श्रावणमास गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना को लेकर लोकप्रिय लाडले विधायक महेंद्र नागेश ने परमहंसी में भव्य कावड़ यात्रा निकाली जो की धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम गंगा कुंड में ब्रह्मचारी अचलानंद की विशेष उपस्थिति में पूजन अर्चन करने के बाद गंगा कुंड से पवित्र जल लेकर कावड़ यात्रा प्रारंभ की और झोतेश्वर मेला ग्राउंड स्थित अति प्राचीनतम ज्योतिरीश्वर महादेव पार्वती मंदिर में पूर्ण विधि विधान मंत्रोउच्चारण के साथ गंगा कुंड के पवित्र जल से ज्योतिरीश्वर महादेव का जलाअभिषेक किया, इस धार्मिक आयोजन कावड़ यात्रा में आसपास ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बड़ी ही भक्ति-भाव के साथ भाग लिया जिससे पूरा क्षेत्र पूरी तरह से धार्मिक वातावरण में बदल गया, इस अवसर पर लोकप्रिय लाडले विधायक महेंद्र नागेश ने बताया कि कावड़ यात्रा का मुख्य उद्देश्य हमारी पूरी विधानसभा में सुख शांति और समृद्धि बनी रहे साथ ही यह बरसों पुराने अति प्रतिनतम मंदिर में विराजमान ज्योतिरीश्वर महादेव की अलग ही महिमा है जो कि हर मनोकामना सच्चे भाव से मांगो वह पूर्ण करते हैं और इसीलिए हमने भी चल रहे इस श्रावण मास में कावड़ यात्रा कर महादेव भोले बाबा का अभिषेक कर अपनी विधानसभा में सुख शांति एवं हमारे क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि के लिए भोले बाबा के जयकारों के साथ यह कावड़ यात्रा निकाली जिसमें आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी इस कावड



यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ उठाया ! कावड़ यात्रा के उपरांत विधायक नागेश अनंत श्री विभूषित द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वतीजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरांत झोतेश्वर स्थित विश्रामगृह में उपस्थित ग्रामीणजनो की समस्याएं सुनी और प्राप्त समस्याओं को तुरंत निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए ! इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बंधु ग्रामवासी एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थित सराहनीय थी i

## नरसिंहपुर जिले का अन्नदाता हलाकान, परेशान प्रताड़ित



**नरसिंहपुर ।** नरसिंहपुर जिले का अन्नदाता यूरिया के लिए दर-दर भटक रहा है । कई घंटे लाइन में लगने के बाद भारी मशक्कत से जरूरत से ही भी कम यूरिया मिल पा रहा है। अनेक किसानों ने बताया कि समय पर यूरिया नहीं मिल रहा और अब यूरिया मिल रहा है तो कम मिल रहा है वह भी कई घंटे लाइन के बाद और अपमान अलग हो रहा है। नरसिंहपुर के कृषि मंडी के जिला विपणन केंद्र में यूरिया विक्रय केंद्र बनाया गया है जहां यूरिया पाने के लिए किसानों को संघर्ष करना पड़ रहा है और आपस में जादा भी हो रही हैं जिसके चलते वहां भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है

### झारिया समाज संगठन की मासिक बैठक संपन्न



**गोटेगांव।** बीते दिवस मुआंर रोड स्थित कामथ वार्ड झलकन सिंह मेहरा के निवास स्थान पर संत कबीर मेहरा झारिया समाज संगठन की मासिक बैठक आयोजित की गई ! बैठक में तहसील नरसिंहपुर की कार्यकारिणी का गठन किया गया साथ ही सामाजिक भवन निर्माण के लिए चर्चा किए जाने के पश्चात आगामी समय में एक महिला मोर्चा के गठन करने के साथ-साथ समाज हित और समाज संगठन को मजबूत करने के लिए प्रस्ताव पारित कर विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चाएं की गई, बैठक में मुख्य रूप से समाज के वरिष्ठ एम.के मेहरा श्यामलाल मेहरा हरिगोविंद मेहरा प्रमोद मेहरा बुधराज मेहरा सुनील मेहरा मानसिंह मेहरा सहित अन्य स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## श्रावण सोमवार को उमड़ा भक्ति का सैलाब



### जगह-जगह हुए शिवाभिषेक पूजन अर्चन



तेंदूखेड़ा श्रावण मास के आखिरी सोमवार को भक्ति का सैलाब देखने को मिला। शिवालयों में सुबह से ही भारी भीड़ देखने को मिली दिन भर शिवाभिषेक पूजन अर्चन का क्रम चलता रहा। श्रद्धालु द्वारा जलाभिषेक से लेकर पूजन अर्चन किया गया तथा दोपहर में भजन कीर्तन हुये।

### अखंड रामायण पाठों का आयोजन

नगर में विभिन्न स्थानों पर अखंड रामायण पाठ के आयोजन किए गए तथा संगीतमय सुंदरकांड पाठ शिव चालीसा पाठ भी आयोजित हुये। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। प्रतिष्ठित शिव धाम शूल प्राणेश्वर मंदिर खमरिया बरांझ में भी दिन भर शिवाभिषेक पूजन अर्चन का सिलसिला जारी रहा। अखंड रामायण पाठ भी हुआ। वहीं ग्राम के प्रतिष्ठित हनुमान मंदिर में पिछले एक माह से अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है जो पूर्णिमा पर हवन पूजन के साथ संपन्न होगा।

### सोमवार को निकाली गई विशाल कांवर यात्राएं

श्रावण मास के आखिरी सोमवार को तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन ककरा घाट से विशाल कांवर यात्राएं निकाली गई जो शिव धाम डमरु घाटी में जाकर शिव अभिषेक पूजन अर्चन के साथ संपन्न हुई। पूर्व विधायक संजय शर्मा के द्वारा भी पुण्य सलिला मां नर्मदा में पूजन अर्चन करते हुए अपने क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं श्रद्धालुओं के साथ कांवर यात्रा निकाली गई जगह जगह इन यात्राओं पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। कांवर यात्रा को लेकर पूर्व विधायक संजय शर्मा ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र की खुशहाली सुख समृद्धि के लिए पिछले कई सालों से यह यात्रायें निकालते चले जा रहे हैं।

## बरहटा जंगल में मिल रहे चमकदार कीमती पत्थर

**गोटेगांव।** अंतर्गत बरहटा के विराट टोरिया के समीप के जंगलों में मिल रहे मुशमुडिया के पत्थर, जिसकों खोजने ग्रामीण जंगलों की तरफ रुख कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरहटा के जंगलों में चमकने वाले पत्थर जिन्हें मुशमुडिया कहा जाता है, वाह लोगों को मिल रहे है, यह मोती जैसे पत्थरों की बाजारी कीमत अधिक होती है, ऐसी जानकारी मिली है कि ऐसे कुछ पत्थर वहां के ग्रामीणों को मिले भी है, जिनकी हजारों में कीमत है, उनका उपयोग महंगे आभूषण बनाने में किया जाता है। ग्रामीण जंगलों में जाकर खोद रहे है, जिसकों रोकने वन विभाग भी रात दिन गस्त कर रहा है, लेकिन जंगल में ग्रामीण ढूंढ रहे मोती रुपी मुशमुडियाग्रामीण किसी की मानने तैयार नहीं है, और एक स्थान से वन विभाग वाले ग्रामीणों को भगाते है तो वह दूसरे स्थान पत्वर। नईदुनिया पर चले जाते है और मुशमुडिया पत्थर खोजने लगते है। ऐसा नहीं है कि ग्रामीण केवल दिन के समय ही जंगलों मैं खुदाई कर रही हूं वह रात में भी खोदने का कार्य करते हैं।

### ग्रामीणों को जंगल में खोदाई से मिल रहे



चमकीले पत्थर में पत्थर की खोज कर रहे है, रात के समय भी ग्रामीण जंगलों में लाइट लेकर अमीर होने की चाह में मोती जैसे पत्थरों की खोज में लगें है। वही करोड़पति बनने की चाह में आसपास अंचल ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण दिनो रात मोबाइल की टॉर्च लेकर खुदाई करने में जुटे हुए हैं साथ ही बाहर से आए बड़े-बड़े व्यापारी भी इन बेस कीमती नगो के खरीदार भी डेरा डाले हुए हैं बरहटा जंगल में मिल रहे मुशमुडिया पत्थरों की चर्चा जोरों पर है! ग्रामीणों के लिए ये पत्थर आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, और वे इन्हें पाने के लिए दिन-रात जंगल में खोदाई कर रहे हैं। वन विभाग की कोशिशें भी उन्हें रोकने में नाकाम साबित हो रही हैं। इन पत्थरों की खोज से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है? या फिर इसके कुछ नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं?